लम्बित विवेचनाओं का त्वरित करें निस्तारण

लंबित विवेचनाओं के संबंध में हिदायत देतीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह।

एसपी ने इकौना सर्किल के थाना इकौना, थाना गिलौला, नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती की समीक्षा की

श्रावस्ती (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा थाना इकौना,थाना गिलौला, नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती की अपराध समीक्षा की गई। थाना इकौना की 34 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा 09 विवेचक मौजूद मिले। थाना गिलौला की 27 विवेचनाए लंबित पाई गई व 08 विवेचक मौजूद मिले जबकि नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती की 19 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा 05 विवेचक मौजूद मिले। पुलिस अधीक्षक द्वारा लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गयी, समीक्षोपरान्त पाया गया कि जिन विवचकों द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नही किये जा रहे थे उन सभी विवेचको को हिदायत देते हुये कड़े निर्देश निर्गत किये गए। साथ ही साथ साक्ष्य संकलन कर 01 सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारंटी अभियक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेत प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की भी समीक्षा की भी गई। सभी लंबित प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलतापूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यो/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों को बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेत प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक इकौना , थानाध्यक्ष गिलौला , थानाध्यक्ष थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती,पेशकार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

रैतिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

श्रावस्ती। रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को एसपी प्राची सिंह ने रैतिक परेड की सलामी लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। वहीं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। उन्होंने शस्त्रों सहित यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर खमियां दूर कराने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, डीसीआर, बैरक व भोजनालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आरक्षी बैरक व आरआई को सफाई रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा व प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक चौथीराम यादव सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद